केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 41 सोमवार 2 सितम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### दुकानदार की करंट की चपेट में आने से मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

विक्रमजोत (बस्ती)। जिले के परसरामपुर थानाक्षेत्र के सिकंदरपुर में एक दुकानदार तार जोड़ते वक्त करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे परिजन आनन–फानन में श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या ले गए। यहां पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कमाऊ पूत की मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सिकंदरपुर निवासी सोनू निषाद (22) पुत्र रामसनेही घर के अगले हिस्से में किराने की दुकान चलाता था। उसके पिता रामसनेही कैटरिंग का कार्य करते हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात वह भोजन करने के बाद घर में सो रहा था, रात में लाइट चली गई। देर रात करीब सवा 12 बजे वह पानी पीने के लिए उठा तो स्टैंड वाला पंखा नहीं चल रहा था। यह देख वह उसका तार फिर से जोड़ने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। तेज झटका लगने से वह बेसुध हो गया। परिजन उसे तत्काल श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या ले गए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किराने की दुकान चलाकर सोनू परिवार की जिम्मेदारी में हाथ बंटा रहा था। उसकी मौत से माता–पिता, दो छोटे भाई और सबसे छोटी बहन का रो–रोकर बुरा हाल था।

### पिटाई से विवाहिता का गर्भपात, मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने दहेज के प्रताड़ित करने व मारपीट करने से विवाहिता का गर्भपात होने के मामले में पति समेत नौ ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। पूजा पांडेय ने तहरीर में बताया है कि उनका विवाह हेंगापुर निवासी दीपक पांडेय के साथ हुआ है। आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। मारपीट करने के कारण तीन माह का गर्भ खराब हो गया। ससुरालियों ने उनके पिता ने दहेज की मांग की। पुलिस ने पति के अलावा ससुर द्वारिका प्रसाद समेत नौ ससुरालियों पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बेटे की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के कोठवाभरतपुर में रास्ते के किनारे झाड़ियों में गांव के एक व्यक्ति का शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गले पर चोट के निशान दिखने के बाद अनहोनी की आशंका जताई जा रही थी। मृतक संतोष के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह का कहना है कि पीएम रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही दोनों आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। नगर क्षेत्र कोठवा भरतपुर निवासी संतोष चौहान (42) पुत्र बमभोले राजगीर का काम करता था। परिजनों के अनुसार संतोष गुरुवार को खलीलाबाद काम करने गया था। वह शाम को घर लौटा। उसे दो लोग गुरुवार शाम को बुलाकर ले गए। उसके बाद से वह रात में नहीं लौटा। संतोष का शव शुक्रवार को सुबह गांव के रास्ते के बगल झाड़ियों में मिला था। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल की थी। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन की थी। मृतक के बेटे संतोष का आरोप है कि 29 अगस्त की शाम दो लोग घर आए और पिता संतोष पर मोबाइल और पैसा लेने का आरोप लगाते हुए उन्हें लेकर चले गए थे। अगले दिन पिता का शव मिला था। पुलिस ने इसी गांव के चन्दू और राकेश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की जमीन बेचेगी योगी सरकार



लखनऊ (आभा)। पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष और राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और उनके भाईयों के नाम पर भारत में करीब 13 बीघा जमीन है, जिसे उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बेचने जा रही है। इसके लिए बोली लगाई जाएगी। भारत सरकार के आदेश पर योगी सरकार शत्रु संपत्ति नियम के तहत यह कार्रवाई कर रही है। आपको बता दें कि मुशर्रफ की यह जमीन बागपत जिले में है। 5 सितंबर तक इसकी निलामी प्रक्रिया चलेगी।

बता दें कि विभाजन से पहले मुशर्रफ का परिवार बागपत जिले के कोताना गांव में रहता था। उनके पिता मुशर्रफुद्दीन और माता बेगम जरीन दोनों ही इसी गांव की रहने वाली थीं। यह परिवार आजादी से पहले 1943 में दिल्ली जाकर रहने लगा। गांव में उनकी एक हवेली थी, जो कि अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

भारत का बंटवारा होने के बाद यह परिवार पाकिस्तान चला गया। बाद में भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक, इसे शत्रु संपत्ति घोषित कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुशर्रफ परिवार की कुछ जमीन पहले भी बेची जा चुकी है। उनके भाई के नाम पर भी यहां संपत्ति थी। करीब 15 साल पहले इसे शत्रु संपत्ति घोषित की गई थी।

मुशर्रफ परिवार की कुछ संपत्ति खादर तो कुछ बांगर के रिकॉर्ड में दर्ज है। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने फिलहाल बांगर की संपत्ति की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कराई है। यह 5 सितंबर तक चलेगी। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। मुशर्रफ परिवार की इस संपत्ति की बोली 37.5 लाख रुपये से शुरू होगी। जिसके द्वारा सर्वाधिक बोली लगाई जाएगी उसके नाम यह जमीन कर दी जाएगी।

## जद यू राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने पद से इस्तीफा दिया



पटना (आभा)। बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है।

# यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 25 जिलों में एएसपी समेत 37 पीपीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ (आभा)। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा खत्म होते ही योगी सरकार ने यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल किया है। योगी सरकार ने 37 पीपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें 25 जिलों में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे अफसर भी शामिल हैं। पुलिस विभाग में हुए इतने बड़े तबादले से अफसरों में खलबली मची है। जिन पुलिस अफसरों का तबादला किया गया है उनमें एएसपी देवरिया भीमकुमार गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ, एएसपी गोरखपुर रहे सुनील कुमार सिंह को देवरिया अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज रहे श्वेताभ पांडेय को अपर पुलिस अधीक्षक लखनऊ साइबर क्राइम मुख्यालय, औरैया एएसपी रहे दिगम्बर कुशवाहा को फतेहपुर 12वीं वाहिनी पीएसी का उपसेनानायक बनाया है।




इसी तरह एएसपी बदायूं आलोक मिश्रा को अपर पुलिस अधीक्षक औरैया, बांदा एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र को अपर पुलिस अधीक्षक भानिसं मुख्यालय लखनऊ, बरेली एएसपी ट्रैफिक शिवराज को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा, अलीगढ़ एएसपी रहे मोहम्मद अकमल खान को बरेली अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, श्रावस्ती एएसपी रहे अतुल कुमार चौबे को मुजफ्फरनगर अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, मुजफफरनगर एएसपी ट्रैफिक रहे कुलदीप सिंह को प्रयागराज कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया है।

रायबरेली एएसपी रहे नवीन कुमार सिंह को लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय रहे संजीव कुमार सिन्हा को रायबरेली का एएसपी, वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त रहे वीरेंद्र कुमार को पुलिस महानिदेशक कंट्रोल रूम में अपर पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर एएसपी रहे प्रमोद कुमार सिंह यादव को सीतापुर एटीसी में अपर पुलिस अधीक्षक, बुलंदशहर एएसपी रहे डॉ. अनूप सिंह को मुरादाबाद में 24वीं वाहिनी पीएसी में उपसेनानायक, कौशांबी एएसपी रहे अशोक कुमार वर्मा को गोरखपुर में पीएसी की 26वीं वाहिनी में उपसेना नायक बनाय गया है।

ऐसे ही फिरोजाबाद के एएसपी रहे राजेश कुमार सिंह को कौशांबी में अपर पुलिस अधीक्षक, महोबा एएसपी रहे सत्यम को अलीगढ़ में 45वीं वाहिनी पीएसी में उपसेनानायक, रायबरेली एएसपी रहीं श्रीमती वंदना सिंह को महोबा में अपर पुलिस अधीक्षक, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त रहे अशोक कुमार को आजमगढ़ 20वीं वाहिनी पीएसी में उपसेनानायक, सीतापुर एएसपी रहे राजेश कुमार यादव को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, अयोध्या एएसपी रहीं डॉ. अर्चना सिंह को लखनऊ पीएसी मुख्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक, एटा एएसपी रहे धनन्जय सिंह कुशवाहा को लखनऊ कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त रहे कृपा शंकर को बलिया का अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त रहे राजकुमार सिंह को एटा का अपर पुलिस अधीक्षक, मिर्जापुर एएसपी रहे मनोज कुमार गुप्ता को हमीरपुर का अपर पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद एएसपी रहे हिमांशु गौरव को आगरा कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, वाराणसी में एएसपी एसीओ जोन रहे प्रभात कुमार को बरेली का अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना, गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त रहे नरेश कुमार को बुलंदशहर का अपर पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के एएसपी रहे विजय आनंद को सोनभ्रद में 48वीं वाहिनी पीएसी में उपसेना नायक, नोएडा कमिश्नरेट के अपर पुलिस उपायुक्त रहे सुशील कुमार गंगा प्रसाद को वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, सीतापुर एएसपी रहे अरुण कुमार को अयोध्या में अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना, लखनऊ यूपी पीसीएल में एएसपी रहीं श्रीमती रुकमिण वर्मा को लखनऊ में वीमेन पावर लाइन (1090) में अपर पुलिस अधीक्षक, नोएडा में 49वीं पीएसी के उपसेनानायक रहीं श्रीमती ममता कुरील को अलीगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक, अयोध्या में एएसपी रहे डॉ. राजेश तिवारी को कानपुर में अपर पुलिस अधीक्षक केस्को, हमीरपुर एएसपी रहे मायाराम को सुलतानपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस और लखनऊ पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में प्रतीक्षारत राजकुमार को लखनऊ पुलिस मुख्यालय में नया अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# बिजली संबंधित सभी कार्यों की होगी थर्ड पार्टी जांच

लखनऊ (आभा)। प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चल रहे सभी कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्री तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच के आदेश उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने दिए हैं। विभागीय जांच के साथ ही इन सभी कार्यों की थर्ड पार्टी जांच भी होगी। मुरादाबाद जिले के बिलारी में एरियल बंच केबिल के बार–बार खराब होकर टूटने की घटना के बाद से प्रबंधन ने चल रहे कार्यों की मानीटरिंग तेज करा दी है।



मुरादाबाद के बिलारी में एबीसी केबिल के बार–बार टूटने और गिरने के मामले में केबिल की लैब टेस्टिंग में यह बात सामने आई कि केबिल तय मानक से कम गुणवत्ता की है। गाजियाबाद, नोएडा और बड़ोदरा की लैब में केबिल की जांच कराई गई सभी जगह से यह रिपोर्ट मिली कि केबिल की गुणवत्ता (अधोमानक) ठीक नहीं है। जांच में केबिल का कंडक्टर रेजिस्टेंस, इंसुलेशन थिकनेस, हाट सैट टेस्ट, एल्युमिनियम वजन आदि मानक के मुताबिक नहीं पाए गए। जिसके बाद केबिल की सप्लाई करने वाली हरिद्वार की कंपनी को आठ अगस्त और 17 अगस्त की तिथि में दो नोटिस भेजा गया है। केबिल की खराब गुणवत्ता के मामले में फर्म के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पावर कारपोरेशन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया है कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो इसके लिए सभी कार्यों की जांच के यह आदेश दिए गए हैं। जिस काम में भी सामग्री व कार्य की गुणवत्ता में खामियां मिलेंगी वहां संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस समय केंद्र सरकार की रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम तथा पावर कारपोरेशन के बिजनेस प्लान के तहत समूचे प्रदेश में करीब 20 हजार करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं। वितरण से जुड़े केबिल को बदलने, नया ट्रांसफार्मर लगाने व ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि किए जाने के साथ ही अन्य कई जरूरी कार्य किए जा रहे हैं।

यूपीपीसीएल चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि प्रदेश में जहां भी बिजली से संबंधित कार्य चल रहे हैं, उन कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। थर्ड पार्टी से भी जांच कराने को कहा गया है। जहां भी खामियां मिलेंगी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने को लेकर गरमाई राजनीतिः निकली रैली

मुम्बई (आभा)। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने को लेकर राजनीति तेज होती जा रही है। रविवार को मूर्ति ढहने के विरोध में मुंबई में एक विशाल रैली का नेतृत्व करते हुए उद्धव ठाकरे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम ने जो माफी मांगी है उसमें अहंकार की भावना ज्यादा नजर आ रही थी। विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने मुंबई में इस विशाल रैली का नेतृत्व किया। यह रैली प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से शुरू होकर गेटवे ऑफ इंडिया पर जाकर समाप्त हुई।



पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से पूछा कि क्या आपने माफी में अहंकार देखा? इसमें अहंकार की बू आ रही थी, जब वह माफी मांग रहे थे तो पास में ही एक उपमुख्यमंत्री मुस्कुरा रहे थे। ठाकरे ने कहा कि ऐसी गलती को माफ नहीं किया जा सकता। हम सभी यहां भाजपा को भारत से बाहर करो कि मांग करने के लिए एकत्र हुए हैं। भाजपा ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया है उन्होंने महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान किया है उन्हें इसके लिए सजा मिलनी ही चाहिए। उद्धव ने कहा कि मुझे समझ नहीं आया कि पीएम किस बात के लिए माफी मांग रहे थे, उन्होंने इस मूर्ति का अनावरण आठ महीने पहले किया था, इतनी जल्दी मूर्ति का गिर जाना यह दिखाता है कि इसमें भ्रष्टाचार किया गया था। क्या वह भ्रष्टाचार के लिए माफी मांग रहे थे?

ठाकरे ने अयोध्या के मंदिर को भी बीच में लाते हुए कहा कि भाजपा कि सरकार ने जो कुछ भी बनवाया है उसमें ही गड़बड हुई है, अयोध्या का राम मंदिर पहली बरसात में ही टपकने लगा, यह दिखाता है कि किस हद भ्रष्टाचार हुआ है। "जोडेध मारो आंदोलन" के नाम से शुरू की गई इस रैली में उद्धव ने लोगों से अपील की सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस और अजीत पवार के पोस्टर को जूते मारने में हमारा साथ दें।

इस रैली के दौरान एनसीपी के नेता शरद पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का ढहना भाजपा द्वारा किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। यह सभी शिवाजी के अनुयायियों और पूरे महाराष्ट्र का अपमान है।

दरअसल, सिंधुदुर्ग के राजकोट जिले में मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति 26 अगस्त को ढह गई थी। इस मूर्ति का अनावरण पिछले साल पीएम मोदी ने 4 दिसंबर को किया था। मूर्ति कि ढ़हने के बाद पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुले तौर पर माफी मांगी फिर उसके बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचे पीएम मोदी ने भी मंच से माफी मांगते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम या राजा नहीं हैं। वह हमारे लिए देवता हैं। आज मैं उनके चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने देवता से माफी मांगता हूं।

## शहीदों के परिजनों के साथ विधायक ने किया 21 स्मृति द्वारों का उद्घाटन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हरैया विधानसभा के अंतर्गत 1 करोड़ 90 लाख की लागत से बने 21 स्मृति द्वारों का उद्घाटन रविवार को किया गया। हरैया विधायक अजय सिंह ने संबंधित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित करके और उनके साथ स्मृति द्वारों का उद्घाटन किया। जिसमें राजजश लाल स्मृति द्वार, रामबली अचारी स्मृति द्वार, रनबहादुर सिंह स्मृति द्वार, राम दवन सिंह स्मृति द्वार, दयाशंकर मिश्र स्मृति द्वार, माताप्रसाद एवं रामबरन स्मिथ द्वार, रामानंद शुक्ल स्मृति द्वार, रामशंकर सिंह स्मृति द्वार, रामरत्न पाठक एवं रामबली पाण्डेय स्मृति द्वार, अंबिका दत्त सिंह स्मृति द्वार, अंबिका दत्त पाण्डेय स्मृति द्वार, मोती सिंह काशी सिंह स्मृति द्वार, जगदीश सिंह स्मृति द्वार, महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मृति द्वार, लाल बहादुर शास्त्री स्मृति द्वार, चंद्रगुप्त मौर्य स्मृति द्वार, महाराजा पृथ्वीराज चौहान स्मृति द्वार, स्वामी विवेकानंद स्मृति द्वार, पंडित ईश्वरी प्रसाद शुक्ल स्मृति द्वार, महाराज जालिम सिंह स्मृति द्वार, मंगल पाण्डेय स्मृति द्वार सहित कुल 21 स्मृति द्वारों का उद्घाटन किया गया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्रियजनों के लिए जो बलिदान दिया, उसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। देश की आजादी के लिए उन्होंने जो दर्द, कष्ट और विपरीत परिस्थितियाँ झेलीं, उन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके बाद की पीढ़ियाँ उनके निस्वार्थ बलिदान और कड़ी मेहनत के लिए हमेशा उनकी ऋणी रहेंगी ।



### –देश अमर शहीदों के बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा – अजय सिंह

स्मृति द्वारों के उद्घाटन के अवसर पर अर्जुन सिंह, राजू मौर्य, विनोद गुप्ता, रमाकांत पाण्डेय, सूबेदार पाण्डेय, विशालकान्त पाण्डेय, विकासकान्त पाण्डेय, विवेक कान्त पाण्डेय, राज पाण्डेय, सोहरा देवी, शिवकुमार तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय सुदामा, राम सहाय सोनकर, विवेक सिंह, पंकज सिंह, आनन्द समाजसेवी, अखिलेश सिंह, मुन्ना सिंह, जग्गू सिंह, रामपाल यादव, भरत सिंह, लवकुश वर्मा, शिखर सिंह, अंकित वर्मा, अनुराग सिंह, राकेश सिंह, राहुल, सौरभ सिंह, प्रियांशु सिंह, अजीत विश्वकर्मा, रवि, आयुष गुप्ता, रंजन सिंह, सुभाष, चंद्रशेखर मास्टर, जोखू प्रसाद, राम जनक प्रधान, शिवप्रसाद, सुनील कुमार, सुरेंद्र शुक्ल, नागेंद्र शुक्ल, बृज किशोर शुक्ल, नितीश शुक्ल, अशोक कुमार शुक्ल, अनिल कुमार शुक्ल, अरुण शुक्ल, चिंतामणि शुक्ल, दीप नारायण शुक्ल, अजय कुमार शुक्ल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजन 12 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सुलक्ष्मी टावर पर सम्पन्न हुआ। बैठक में राष्ट्र संत ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के पुण्यतिथि के निमित्त आयोजित कार्यक्रमों की रूप रेखा पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि आगामी 12 सितम्बर गुरूवार को प्रेस क्लब सभागार में राष्ट्र संत अवेद्यनाथ जी महाराज जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी के साथ ही अनेक कार्यक्रम किये जायेंगे।



बैठक में गोरखनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी योगी रामेन्द्रनाथ, ने कहा कि ब्रह्मलीन महन्थ अवेद्यनाथ जी ने हिन्दू धर्म की आध्यात्मिक साधना के साथ 'सामाजिक हिन्दू' साधना को भी आगे बढाया और सामाजिक जनजागरण को अधिक महत्वपूर्ण मानकर हिन्दू धर्म के सोशल इंजीनियरिग पर बल दिया । वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हिन्दू युवा वाहिनी जैसे युवा संगठन की प्रेरणा भी कहीं न कहीं इसी सोसल इंजीनियरिग की प्रेरणा रही थी । उन्होने हिन्दुत्व, गोवंश की रक्षा के लिये आखिरी सांस तक संघर्ष किया। 12 सितम्बर 2014 को महन्थ अवेद्यनाथ ब्रम्हलीन हो गये। उनके सपनों, संकल्पों को पूरा करने का दायित्व हम सबका है।

बैठक में मुख्य रूप से सौरभ तिवारी, राजकुमार उर्फ मंटू चौधरी, राकेश सिंह, विंद गोपाल त्रिपाठी, विष्णु प्रताप सिंह, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, चंद्रमणि पाठक सानू,विपिन सिंह, भोला जायसवाल, अंकित सिंह, सतीश पाण्डेय 'पप्पू, मोहन्टी गुप्ता, किशन गुप्ता, जग नारायण सिंह, पिंटू सिंह, सुभाष सिंह, कप्तान सिंह, रामकिशन, रामविलास, ओम सिंह, राजेश कसौधन, धनुर्धारी चौबे गायक, अनुज शुक्ला,महेंद्र सिंह, मनोज कुमार शुक्ला,आकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

